


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,मंगलवार,02,सितम्बर,2025 Follow us on:/ PLANET NEWS INDIA planetnewsindia776@gmail.com


# पूरा प्रदेश बारिश की चपेट में,

## कई जिलों में स्कूल-कॉलेज हुए बंद, इन 22 जनपदों में अलर्ट जारी; लुढ़का पारा




यूपी में जमकर बारिश हो रही है। सोमवार से शुरू हुआ बारिश का यह सिलसिला मंगलवार तक जारी रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के 22 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। दूसरी तरफ मौसम को देखते हुए प्रदेश के कई जिलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश में मंगलवार को मानसूनी बारिश का विस्तार पश्चिमी तराई इलाकों के साथ साथ दक्षिणी यूपी के सोनभद्र, मिर्जापुर आदि में भी दिखाई देगा। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए प्रदेश के पश्चिमी तराई के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दक्षिणी और पश्चिमी यूपी के 22 अन्य जिलों में भी भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। सोमवार को पश्चिमी-तराई के सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत आदि में अच्छी बारिश हुई। मौसम को देखते हुए कई जिलों में दो सितंबर का अवकाश घोषित कर दिया गया है। पश्चिमी यूपी के कई जिलों में मौसम विभाग ने पहले से ही अलर्ट जारी किया है। इस अलर्ट को देखते हुए मेरठ, बरेली, बिजनौर, मुरादाबाद, रायबरेली और अलीगढ़ में स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। यह अवकाश बारिश और शहर में हुए जलभराव की वजह से किया गया है।



# BJP vs CONG

## 'वोट चोरी' विवाद पर अमित मालवीय ने राहुल गांधी को घेरा, दावा- पवन खेड़ा के दो EPIC; जानिए मामला




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'वोट चोरी' के आरोप पर पलटवार किया है। मालवीय ने कहा कि राहुल गांधी ने जोर-शोर से वोट-चोरी की बात छेड़ी। लेकिन यह भूल गए कि उनकी मां सोनिया गांधी भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा चुकी थीं। इसी तरह अब सामने आया है कि कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा के दो पहचान पत्र नंबर सक्रिय हैं, जो गांधी परिवार से अपने नजदीकी संबंधों का दिखावा करना कभी नहीं भूलते। एक नंबर जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र में है और दूसरा नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में, जो क्रमश: पूर्वी दिल्ली और नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आते हैं। भाजपा नेता ने कहा, अब चुनाव आयोग को इस बात की जांच करनी चाहिए कि आखिरकार पवन खेड़ा के पास दो सक्रिय ईपीआईसी क्यों हैं और क्या उन्होंने एक से अधिक बार वोट किया, यह स्पष्ट रूप से चुनाव कानून का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में कथित गड़बड़ी के आरोप को पहले ही खारिज कर दिया है।

# जरांगे को मुंबई पुलिस का नोटिस,

## आजाद मैदान खाली करने को कहा; अदालत ने शाम तक समय दिया है

मराठा आरक्षण को लेकर आंदोलन कर रहे मनोज जरांगे और उनके समर्थकों को आज शाम तक सड़कों और आजाद मैदान को खाली करना है। हाईकोर्ट ने जरांगे और समर्थकों के रवैये पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा था कि आंदोलनकारियों ने शर्तों का उल्लंघन किया है। आज मुंबई पुलिस ने मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे को नोटिस जारी कर आजाद मैदान खाली करने को कहा है।




मुंबई पुलिस ने मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे को नोटिस जारी कर मुंबई का आजाद मैदान खाली करने को कहा है। पुलिस ने यह नोटिस बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में दिया है। बता दें कि आज जरांगे के आंदोलन का पांचवां दिन है। उन्होंने अनिश्चितकालीन अनशन के चौथे दिन जल त्याग करने का एलान किया, जिसके बाद समर्थकों में काफी आक्रोश भी देखा गया। राज्य के विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की सरकार जरांगे के आंदोलन को अनदेखा कर रही है। इससे पहले जरांगे के आंदोलन में शर्तों के कथित उल्लंघन का संज्ञान लेते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को नाराजगी प्रकट करते हुए कहा था कि जरांगे और उनके समर्थकों को मंगलवार यानी दो सितंबर की शाम तक सभी सड़कों को खाली करना होगा। अदालत की सख्त टिप्पणी के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दोनों उपमुख्यमंत्रियों- अजित पवार और एकनाथ शिंदे के साथ समीक्षा बैठक की थी। बैठक के बाद फडणवीस ने कहा था कि उनकी सरकार हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

# Semicon India 2025: पीएम मोदी ने सेमीकॉन इंडिया का उद्घाटन किया; 48+ देशों के करीब 2500 प्रतिनिधि ले रहे भाग

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के यशोभूमि में सेमीकॉन इंडिया-2025 का उद्घाटन किया।** यह भारत का सबसे बड़ा सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स शो है। सेमीकॉन इंडिया-2025 यह चौथा संस्करण अब तक का सबसे बड़ा आयोजन होगा, जिसमें 33 देशों की 350 से अधिक कंपनियां और रिकॉर्ड संख्या में वैश्विक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस पहल का उद्देश्य भारत को सेमीकंडक्टर महाशक्ति बनाना है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि पीएम 3 सितंबर को भी सुबह साढ़े 9 बजे इस सम्मेलन में भाग लेंगे। इस दौरान वह सीईओ गोलमेज सम्मेलन में भी शामिल होंगे। 2 से 4 सितंबर



तक चलने वाला यह तीन दिवसीय सम्मेलन भारत में एक मजबूत, लचीले व टिकाऊ सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र को आगे बढ़ाने पर केंद्रित होगा। सेमीकंडक्टर आधुनिक तकनीक का हृदय हैं। ये स्वास्थ्य, परिवहन, संचार, रक्षा और अंतरिक्ष जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए बेहद अहम है। जैसे-जैसे दुनिया डिजिटलाइजेशन और ऑटोमेशन की ओर बढ़ रही है, सेमीकंडक्टर आर्थिक सुरक्षा और रणनीतिक स्वतंत्रता का आधार बन गए हैं। **सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री पर होगा बड़ा फोकस** तीन दिन चलने वाला यह सम्मेलन सेमीकंडक्टर फैब, एडवांस पैकेजिंग, स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर केंद्रित होगा। इसमें डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव (DLI) योजना, स्टार्टअप इकोसिस्टम की प्रगति और अंतरराष्ट्रीय सहयोग जैसे मुद्दे भी शामिल होंगे। **वैश्विक सहभागिता और निवेश संभावनाएं** सम्मेलन में 150 से अधिक वक्ता और 50 से ज्यादा वैश्विक नेता भाग लेंगे। साथ ही 350 से अधिक प्रदर्शक अपनी तकनीकी क्षमताएं पेश करेंगे। छह देशों की राउंडटेबल चर्चाएं, स्टार्टअप और वर्कफोर्स डेवलपमेंट के लिए विशेष पवेलियन भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे।

# GST: हाइब्रिड कार, इलेक्ट्रॉनिक सामान, शैंपू समेत 175 उत्पादों पर 10 फीसदी कम होगा जीएसटी, बढ़ेगी कृषि आय




शैंपू और हाइब्रिड कारों से लेकर उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान तक लगभग 175 उत्पादों पर लगने वाले जीएसटी कर में 10 फीसदी की कटौती हो सकती है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, 3-4 सितंबर को होने वाली जीएसटी परिषद में इस पर फैसला किए जाने की उम्मीद है। वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी प्रणाली में लगभग एक दशक का सबसे बड़ा सुधार हो रहा है। यह सुधार अमेरिका के साथ तनावपूर्ण व्यापारिक संबंधों के बीच हो रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार देश वासियों से भारतीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने की बार-बार अपील कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, टैल्कम पाउडर, टूथपेस्ट और शैंपू जैसी उपभोक्ता वस्तुओं पर टैक्स 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जाएगा। एयर कंडीशनर और टेलीविजन सेट पर अक्तूबर में शुरू होने वाले दिवाली शॉपिंग सीजन से पहले टैक्स 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो सकता है। इससे कृषि आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही, भारतीय निर्माताओं में आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करके अमेरिका को निर्यात में गिरावट को कम करना है। इस पर अमेरिकी टैरिफ हमले का भारी असर पड़ा है।

# Aaj Ka Rashifal 02 September

## वृषभ और सिंह सहित इन चार राशि वालों को नौकरी में मिल सकते हैं अच्छे अवसर

02 September Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 02 सितंबर 2025 का राशिफल।को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है।




### मेष

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप दिल से लोगों का भला सोचेंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। आपको कहीं ऊंचाई वाली जगह जाने से बचना होगा। आपको अपने परिवार में किसी सदस्य से कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएगी। आपको किसी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे।

### वृषभ

आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आपको कुछ नया करने में पूरी मदद मिलेगी। आप दूसरों की बातों में आकर कोई इन्वेस्टमेंट करने से बचें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा। किसी दूर रह रहे परिजन की मदद करने का मौका मिले, तो जरूर करें। आपको राजनीति में भी थोड़ा सोच समझकर ही कदम बढ़ना होगा। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से खुशियां भरपूर रहेंगी।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए आध्यात्म के कार्यों में जुड़कर नाम कमाने के लिए रहेगा। परिवार का आपको पूरा सपोर्ट मिलेगा। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कामों को आप समय से ही निपटा लें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपकी कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी। कानूनी मामलों में आपको किसी अच्छे वकील को हायर करना पड़ सकता है, तभी वह निपटेगा। आप किसी घर या मकान आदि के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए कठिनाइयों से भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों में मेहनत पर भरोसा रखना होगा। आप किसी दूसरे पर काम को लेकर डिपेंड ना रहें। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के लिए आपको पछतावा होगा। आप छोटे बच्चों के लिए कुछ खाने-पीने की चीजे लेकर आ सकते हैं। आपको जीवनसाथी को प्रमोशन मिलने से खुशियां भरपूर रहेगी। आपकी अपने किसी पुराने साथी से मुलाकात हो सकती है। आप अपने पिताजी से किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आएगा। गृहस्थ जीवन में चल रही समस्याओं को आप दूर करने की कोशिश करेंगे। आप को अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन आप अपने आसपास रह रहे लोगों से काम को लेकर कोई मदद ले सकते हैं। आपका कोई नुकसान होने से आपका मन परेशान रहेगा। आप यदि किसी नये घर मकान आदि की खरीदारी की योजना बना रहे थे, तो आपकी वह इच्छा भी पूरी होगी।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। कोई कानूनी मामला आपके लिए टेंशन बनेगा, जिसे आप मिल-बैठकर दूर करने की कोशिश करें और जल्दबाजी में वाहन न चलाएं, नहीं तो कोई दुर्घटना होने की संभावना है। भाई और बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप बिना सोचे समझे किसी काम में आगे ना बढ़ें। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

### तुला

आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। बिजनेस में भी आप अपने किसी प्रोजेक्ट को लेकर अनुभवी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। आपको जल्दबाजी में कामों को करने से बचना होगा, नहीं तो कोई गड़बड़ी अवश्य होगी और आप लोगों को पहचान कर ही कोई काम करें, नहीं तो लोग आपको धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। आप अपने लिए कुछ नए कपड़े, मोबाइल आदि की खरीदारी कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने के लिए रहेगा, क्योंकि आप किसी काम को लेकर दूसरों पर डिपेंड न रहें, जो बाद में आपकी टेंशनों को बढ़ाएगा। आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी और आप उनकी मदद के लिए आगे आएंगे, जो विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर परेशान थे, तो उनकी समस्याएं उनके किसी सीनियर की मदद से दूर होती दिख रही है। आपअपने परिवार में चल रही उलझनों को भी मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करेंगे।

### धनु

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की जान पहचान बढ़ेंगी। आप अपने काम को लेकर थोड़ा जल्दबाजी दिखाएंगे। जीवनसाथी की सेहत पर आपको थोड़ा ध्यान देना होगा, क्योंकि उनकी कोई पुरानी बीमारी उभर सकती है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति यदि आपसे धन उधार मांगे, तो आप बहुत ही सोच विचारकर करें, जिसे पूरा करने में आपको समस्या आएगी। आपके आपसी रिश्तों में कड़वाहट हो सकती है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए आर्थिक मामलों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। दोस्तों के साथ आपकी खूब पटेगी। आपको एक साथ काफी काम हाथ लगने से व्याकाग्रता बढ़ेगी। यदि आपका धन कहीं डूबा हुआ था, तो उसके लिए आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप अपनी किसी नए काम की शुरुआत करने की योजना बना सकते हैं। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। रचनात्मक कार्यो में आपकी काफी रुचि रहेगी। यदि आपकी कोई प्रिय और मूल्यवान वस्तु खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आप किसी अजनबी की बातों में ना आए। आपको पुरानी गलतियों से सबक लेना होगा।

### मीन

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की आपको याद सता सकती हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। सामाजिक कामों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी और आपके साख और सम्मान में वृद्धि होगी। जीवनसाथी आपके लिए कोई सरप्राइज गिफ्ट प्लान कर सकते हैं। आप अपने घर के रिनोवेशन का काम करने की प्लानिंग करेंगे।

दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है। इस राशिफल को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक राशिफल ग्रह-नक्षत्र की चाल के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल है या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है

# UP News

## 171 साल पुरानी रजिस्टर्ड डाक सेवा बनी इतिहास, अब स्पीड पोस्ट से पहुंचेगा पत्र; ये आएगा बदलाव



डाक विभाग ने 171 साल पुरानी रजिस्टर्ड डाक सेवा बंद कर दी है। इसका विलय स्पीड पोस्ट पर कर दिया गया है। अब स्पीड पोस्ट के जरिये ही आपका पत्र पहुंचेगा। आगे पढ़ें और जानें इसके बंद होने से आम ग्राहक के लिए क्या बदलाव आएगा?ब्रिटिश काल से चली आ रही 171 वर्ष पुरानी रजिस्टर्ड डाक सेवा अब इतिहास बन गई है। डाक विभाग ने एक सितंबर से इसकी बुकिंग बंद कर दी है। स्पीड पोस्ट सेवा में इसका विलय कर दिया है। अब स्पीड पोस्ट सेवा के जरिये डाक पहुंचेगी। यह सुविधा थोड़ी महंगी जरूर है। लेकिन, तेज... सुरक्षित और ट्रैकिंग से लैस है।डाक विभाग ने रजिस्टर्ड डाक सेवा को सरकारी, कानूनी और वित्तीय दस्तावेजों को सुरक्षित रूप से भेजने के लिए शुरू किया था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ईमेल, व्हाट्सऐप, मैसेजिंग एप और अन्य ऑनलाइन संचार माध्यमों के चलते रजिस्टर्ड डाक की उपयोगिता में गिरावट आई। इस वजह से इसे बंद करना पड़ा। अब लखनऊ मंडल के 250 से ज्यादा डाकघरों में रजिस्टर्ड डाक की जगह स्पीड पोस्ट सेवा उपलब्ध होगी।रजिस्टर्ड डाक के मुकाबले स्पीड पोस्ट सेवा दूरी और वजन के हिसाब से मंहगी होगी। पहले रजिस्टर्ड डाक 17 रुपये में बुकिंग और 20 ग्राम तक के पत्र के लिए पांच रुपये अतिरिक्त यानी कुल 22 रुपये में सेवा उपलब्ध थी। अब स्पीड पोस्ट में दूरी और वजह के हिसाब से 200 किमी. तक 20 से 50 ग्राम वजन वाले पत्र के लिए 41.30 रुपये चुकाने होंगे। दूरी और वजन बढ़ने पर शुल्क और बढ़ेगा।लोगों की सुविधा और समय की बचत के लिए यह बदलाव किया गया है। आज जरूरत है कि डाक तेजी से पहुंचे, इसलिए डाक सेवा को स्पीडपोस्ट सेवा में मिला दिया गया है। दूरी और वजन के अनुसार स्पीड पोस्ट सेवाओं की दरें महंगी होती जाती हैं।''लोगों की सुविधा और समय की बचत के लिए यह बदलाव किया गया है। आज जरूरत है कि डाक तेजी से पहुंचे, इसलिए डाक सेवा को स्पीडपोस्ट सेवा में मिला दिया गया है।

## मेरठ: वेस्ट यूपी में आफत की बारिश

### मुजफ्फरनगर, शामली में मकान और पेड़ गिरे, 3 लोगों की मौत; स्कूलों की छुट्टी



मेरठ में बारिश के दौरान मकान और पेड़ गिर गए, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। मुजफ्फरनगर में 94.4 मिमी बरसात हुई। बिजनौर में शहर की गली मोहल्लों से लेकर गांव तक पानी ही पानी दिखा। गंगा खतरे के निशान से महज 70 सेंटीमीटर दूर है।भारी बारिश के कारण सोमवार को वेस्ट यूपी के जिलों में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। मेरठ में बारिश के दौरान मकान और पेड़ गिर गए, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। मौसम विभाग ने आज भी भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। जिसको देखते हुए मेरठ और मुजफ्फरनगर डीएम ने कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों की छुट्टी घोषित की है।मेरठ के बहसूमा क्षेत्र में रहमापुर में बरसात के दौरान पेड़ गिरने से बाइक सवार लाला (38) निवासी अकबरपुर सादात और सलमान (35) निवासी नगला साहू थाना निवाड़ी जनपद गाजियाबाद की मौत हो गई। दौराला थाना क्षेत्र के अझोता गांव में तेज बारिश में कच्चा मकान गिरने से मलबे में दबकर 80 वर्षीय वृद्ध बालू की मौत हो गई। चार घंटे में ही शहर में 81 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। सुबह से ही भारी बरसात के कारण डीएम डॉ. वीके सिंह ने कक्षा आठ तक स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। मंगलवार का भी डीएम ने स्कूलों में अवकाश घोषित किया है।मुजफ्फरनगर में 94.4 मिमी बरसात हुई। पेड़ सड़कों पर गिर जाने से वाहनों के पहिए थम गए। घरों, दफ्तरों और बाजारों में जलभराव हुआ। बिजली आपूर्ति बाधित रही। स्कूलों की छुट्टी कर दी गई।

## मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली फिर विवादों में, बीकानेर में दर्ज हुई गंभीर धाराओं में FIR



फिल्म जगत से जुड़ी एक बड़ी और सनसनीखेज खबर बीकानेर से सामने आई है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मशहूर फिल्म निर्देशक संजय लीला भंसाली एफआईआर दर्ज की गई है। भंसाली की कंपनी भंसाली प्रोडक्शन्स, प्रोडक्शन मैनेजर उत्कर्ष बाली और अरविंद गिल के खिलाफ भी गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज हुई है। मामला बीछवाल थाने में दर्ज **यह मामला भंसाली की बहुचर्चित फिल्म “Love & War” की शूटिंग से** जुड़ा है। **एफआईआर में धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, धमकी और संगठित षड्यंत्र जैसे संगीन आरोप शामिल किए गए हैं।** यह शिकायत राधा फिल्म्स एंड हॉस्पिटैलिटी के सीईओ और लाइन प्रोड्यूसर प्रतीक राज माथुर ने दर्ज करवाई। उनका आरोप है कि फिल्म के प्रोडक्शन में नियुक्ति प्रक्रिया और सुरक्षा इंतज़ाम को लेकर धोखाधड़ी की गई है। इसके अलावा 17 अगस्त 2025 को निजी सुरक्षा कर्मियों द्वारा दुर्व्यवहार और धमकी देने की घटना का भी ज़िक्र एफआईआर में दर्ज है। फिलहाल भंसाली या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। इससे पहले उनकी फिल्म “पद्मावत” की शूटिंग को लेकर भी विवाद खड़ा हुआ था। अब एक बार फिर संजय लीला भंसाली और उनकी टीम राजस्थान में विवादों में घिर गए।

## निया शर्मा ने अली गोनी-जैस्मिन भसीन-कृष्णा-सुदेश के साथ जमकर किया डांस, शेयर किया शानदार वीडियो



प्रसिद्ध टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल की स्टोरी पर अपने कई शानदार वीडियो शेयर किए हैं। इन सभी में निया जमकर मस्ती करती नजर आ रही हैं। इन शानदार वीडियो में निया, अली गोनी और जैस्मीन भसीन और बाकी टीवी कलाकारों के साथ जमकर डांस और मस्ती करती नजर आ रही हैं। निया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कई वीडियो शेयर किए। लेकिन इन सभी में से एक वीडियो सबसे खास रहा, जिसमें वह, अली गोनी, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, रागिनी खन्ना, जौस्मीन भसीन और सुदेश लहरी संग डांस करती नजर आ रही हैं। वीडियो में सभी 1987 की फिल्म 'खुदगर्ज' के मशहूर गाने 'आप के आ जाने से' पर नाचते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि सुदेश लहरी गाना गा रहे हैं। निया ने इस पोस्ट के साथ लिखा, 'लाफ्टर शेफ्स परिवार के साथ क्या शानदार रात थी।' 'आप के आ जाने से' गाना फिल्म 'खुदगर्ज' का है, जिसमें गोविंदा और नीलम थे। इसे मोहम्मद अजीज और साधना सरगम ने गाया था। इस फिल्म का निर्देशन राकेश रोशन ने किया था। इस फिल्म में जीतेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा, भानुप्रिया और अमृता सिंह जैसे सितारे भी थे। यह फिल्म जेफ्री आर्चर के उपन्यास 'केन एंड एबेल' पर आधारित थी और बाद में तेलुगु और तमिल में भी बनाई गई। 'लाफ्टर शेफ्स फन अनलिमिटेड' में निया शर्मा के अलावा कृष्णा अभिषेक, राहुल वैद्य, करण कुंद्रा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, रीम शेख, सुदेश लहरी, एल्विश यादव, रुबीना दिलैक, अली गोनी और कश्मीरा शाह जैसे सितारे हैं। शो की मेजबानी भारती सिंह ने की है और शेफ हरपाल सिंह जज हैं। इस शो के अलावा निया ने हाल ही में 'सुहागन चुड़ैल' में निशिगंधा नाम की चुड़ैल की भूमिका निभाई,

## तमन्ना भाटिया-डायना ने एक-दूसरे के खोले गहरे राज,



तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी जल्द ही नई कॉमेडी सीरीज 'डू यू वाना पार्टनर' में पहली बार एक साथ नजर आएंगी। तमन्ना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक शानदार वीडियो जारी किया, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे के बारे में ऐसी बातें शेयर कीं जो कोई और नहीं जानता। तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें डायना ने तमन्ना के बारे में कुछ सीक्रेट बातें बताईं। इसके साथ ही डायना ने भी तमन्ना के बारे में कई राज खोले। डायना ने तमन्ना के बारे में कहा- 'सबसे जरूरी बात - यह बहुत बेशर्म कॉफी चोर है। उसे इस पर कोई अफसोस नहीं होता।' इसके बाद तमन्ना ने भी जवाब दिया और कहा- 'डायना असल में बहुत मजाकिया हैं।' आगे तमन्ना ने कहा, 'तुम इतने प्यारे किरदार निभाती हो कि किसी को पता ही नहीं चलता कि तुम असल में पूरी तरह पागल हो।' एक और खास बात तमन्ना ने डायना के बारे में बताई, 'चाहे जो भी हो मैं उनके बारे में जानती हूं, वह हमेशा अपने नाखूनों को अच्छे से मैनीक्योर कराती हैं। तुम उन्हें कभी भी बिना मैनीक्योर के नहीं देखोगे, भले ही वह कितनी थकी हों। उनके पैर भी हमेशा साफ-सुथरे रहते हैं।'



## Punjab Flood: पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए मसीहा बने एक्टर-सिंगर एमी विर्क, 200 प्रभावित घरों को लिया गोद



पंजाब राज्य के कई जिले इन दिनों बाढ़ की मार झेल रहे हैं, जिसमें कई घर प्रभावित हुए हैं। सरकार और स्थानीय लोगों द्वारा बचाव कार्य किया जा रहा है। इस कड़ी में पंजाबी अभिनेता और गायक एमी विर्क ने बड़ा दिल दिखाते हुए 200 बाढ़ से प्रभावित परिवारों को गोद ले लिया है। पंजाबी अभिनेता और गायक एमी विर्क ने इंस्टाग्राम पर बाढ़ प्रभावितों के लिए एक पोस्ट लिखी और मदद की पेशकश की। उन्होंने लिखा, 'पंजाब में बाढ़ से हुई तबाही देखकर हमारा दिल दुखता है। अपने लोगों को बिना छत के देखकर मैं पूरी तरह टूट गया हूँ। आराम और स्थिरता लाने के अपने छोटे से प्रयास में, हम उन लोगों की मदद के लिए 200 घरों को गोद ले रहे हैं जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। यह केवल आश्रय के बारे में नहीं है - यह आशा, सम्मान और फिर से शुरुआत करने की ताकत देने के बारे में है।' बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त ने प्रभावित लोगों के प्रति अपनी एकजुटता व्यक्त करते हुए, एक्स पर एक नोट लिखा। उन्होंने कहा, 'पंजाब में बाढ़ से हुई तबाही वाकई दिल दहला देने वाली है। प्रभावित सभी लोगों के लिए मैं शक्ति और प्रार्थनाएं भेज रहा हूं। मैं हर संभव मदद करूंगा। बाबाजी पंजाब में सभी का भला करें और उनकी रक्षा करें।'

## 'बागी 4' का सिजलिंग सॉन्ग 'ये मेरा हुस्न' हुआ रिलीज



मुंबई : टाइगर श्रॉफ की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'बागी 4' 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के मेकर्स लगातार इसे लेकर उत्सुकता बनाए हुए हैं और इसी कड़ी में उन्होंने मंगलवार को फिल्म का नया गाना 'ये मेरा हुस्न' जारी किया। गाने के लॉन्च होते ही सोशल मीडिया पर धमाल मच गया है। इस गाने में मिस यूनिवर्स रह चुकीं हरनाज कौर संधू का अब तक का सबसे अलग और बोल्ड अवतार देखने को मिल रहा है। उनका किलर डांस मूव्स और एक्सप्रेशन फैंस को खूब भा रहे हैं। गाने में हरनाज ग्लैमरस अंदाज़ में नजर आ रही हैं और उनका परफॉर्मेंस फिल्म के म्यूज़िकल प्रमोशन में जान डाल रहा है। यूट्यूब पर रिलीज होते ही गाने को लाखों व्यूज़ मिल चुके हैं और कमेंट सेक्शन में दर्शक हरनाज की तारीफों के पुल बांध रहे हैं। वहीं, फिल्म के लीड स्टार टाइगर श्रॉफ के एक्शन और डांस का जादू भी फैंस को देखने का इंतजार है। निर्माताओं का कहना है कि 'ये मेरा हुस्न' फिल्म के उन गानों में से एक है जो युवाओं के बीच हिट साबित होगा। संगीत में आधुनिक बीट्स और देसी तड़के का संगम है, जो इसे पार्टी नंबर बना रहा है। गौरतलब है कि 'बागी' फ्रेंचाइजी हमेशा से ही एक्शन और म्यूज़िक के लिए जानी जाती रही है। अब 'बागी 4' में दर्शकों को डबल एक्शन, ड्रामा और म्यूज़िकल एंटरटेनमेंट मिलने वाला है। हरनाज कौर संधू की इस एंट्री ने फिल्म के प्रति उत्सुकता और भी बढ़ा दी है।

फैंस को 5 सितंबर का बेसब्री से इंतजार है, जब यह फिल्म बड़े पर्दे पर रिलीज होकर धूम मचाएगी।

## Mirai: सुपरस्टार रजनीकांत ने की 'मिराय' के ट्रेलर की तारीफ, मांचू मनोज ने जताया आभार; साझा की तस्वीरें



तेजा सज्जा और मांचू मनोज की आगामी फिल्म 'मिराय' का ट्रेलर सामने आने के बाद फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। यह एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। फिल्म लगातार चर्चाओं में भी बनी हुई है और ट्रेलर को मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। अब सुपरस्टार रजनीकांत ने फिल्म का ट्रेलर देखा है और इसकी सराहना की है। इस बात की जानकारी फिल्म में निगेटिव किरदार निभाने वाले मांचू मनोज ने दी है। मांचू मनोज ने अपने इंस्टाग्राम पर रजनीकांत के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में सुपरस्टार रजनीकांत अपने फोन में ' मिराय' का ट्रेलर देख रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए मांचू मनोज ने लिखा, 'ट्रेलर देखने और हमारी सराहना करने के लिए सुपरस्टार रजनीकांत का हार्दिक धन्यवाद। सिवाकार्तिकेयन आपकी अपार सफलता की कामना करता हूं। तमिल लोगों और मित्रों का हार्दिक आभार जिन्होंने हमारा हमेशा समर्थन किया हाल ही में 'मिराय' का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिसमें एक्शन और एडवेंचर दोनों ही देखने को मिले थे। फिल्म में जबरदस्त वीएफएक्स के होने की उम्मीद है। कार्तिक घट्टामनेनी द्वारा निर्देशित 'मिराय' 12 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

# Gold Silver Price

## मजबूत मांग के बीच चांदी 3000 रुपये उछलकर नए रिकॉर्ड स्तर पर, जानें क्या है सोने का भाव



**मजबूत वैश्विक रुख के कारण मंगलवार को राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,00,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।** 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 500 रुपए बढ़कर 1,00,400 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। वहीं चांदी की कीमतें 3,000 रुपये की तेजी के साथ 1,18,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। **फेड रिजर्व के गवर्नर को हटाने के फैसले का पड़ा असर** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा फेडरल रिजर्व गवर्नर लिसा कुक को हटाने के फैसले के असर पड़ा। निवेशकों द्वारा पारंपरिक सुरक्षित निवेश की ओर रुख करने से सोने की कीमतों में तेजी आई। इस फैसले से केंद्रीय बैंक की स्वतंत्रता को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

# भारत पर ट्रंप का अतिरिक्त 25% टैरिफ लागू:

## विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को लग सकता है झटका; भारत की क्या रणनीति?




भारतीय उत्पादों पर बुधवार से 50 फीसदी उच्च अमेरिकी टैरिफ लागू गया है। इससे 48.2 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात पर असर पड़ेगा। ट्रंप टैरिफ की वजह से भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजारों में काफी महंगे हो जाएंगे, जिससे घरेलू निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के प्रतिस्पर्धियों की स्थिति कम टैरिफ के कारण अमेरिकी बाजार में बेहतर होगी। इस चुनौती से निपटने के लिए मोदी सरकार को बड़े स्तर पर प्रयास करने होंगे, अन्यथा न सिर्फ देश की जीडीपी पर असर पड़ेगा, बल्कि भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाने का लक्ष्य भी प्रभावित होगा। वोंटोबेल में ईएम इक्विटीज के सह-प्रमुख राफेल लुएशर का कहना है कि उच्च टैरिफ भारत की विनिर्माण महत्वाकांक्षाओं को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। इससे अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव में आने वाली भारतीय कंपनियां भी निवेश संबंधी फैसले टाल सकती हैं, जिसका नकारात्मक असर नौकरियों पर पड़ सकता है। कपड़ा, जूते, आभूषण और ऑटो पार्ट्स उद्योगों में अगले 12 महीनों में 10-15 लाख नौकरियां जा सकती हैं। अकेले कपड़ा क्षेत्र में एक लाख से ज्यादा रोजगार प्रभावित होने की आशंका है। सूरत और मुंबई के रत्न-आभूषण उद्योग में भी एक लाख से ज्यादा नौकरियां जाने का खतरा है। **50 फीसदी टैरिफ की पुष्टि और व्यापार वार्ता रद्द होने से विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में बिकवाली की, जिससे ऑटो, धातु और रियल्टी शेयरों में 1-2 फीसदी की गिरावट आई।** सेंसेक्स 849 और निफ्टी 255 अंक टूट गया।




# Women Workforce

## सात साल में 40% पहुंची महिलाओं में रोजगार दर; देश में महिला कार्यबल भागीदारी दर में वृद्धि

भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बेरोजगारी दर में बदलाव ग्रामीण भारत में और भी महत्वपूर्ण है। यहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में रोजगार 43 फीसदी बढ़ा है। महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है।देश में महिलाओं की रोजगार दर सात वर्षों में लगभग दोगुनी होकर 2023-24 में 40.3 फीसदी हो गई है। 2017-18 में यह 22 फीसदी थी। श्रम मंत्रालय ने कहा, इसी अवधि में बेरोजगारी दर 5.6 से घटकर 3.2 फीसदी हो गई। 2047 तक विकसित भारत का विजन प्राप्त करने के लिए प्रमुख स्तंभों में से एक देश में 70 प्रतिशत महिला कार्यबल भागीदारी सुनिश्चित करना है।मंत्रालय ने सोमवार को बयान में कहा, भारत में महिला कार्यबल भागीदारी दर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। बेरोजगारी दर में बदलाव ग्रामीण भारत में और भी महत्वपूर्ण है। यहां महिला रोजगार में 96 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी अवधि में शहरी क्षेत्रों में रोजगार 43 फीसदी बढ़ा है। महिला स्नातकों की रोजगार क्षमता भी 2013 के 42 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 47.53 प्रतिशत हो गई है। स्नातकोत्तर शिक्षा और उससे ऊपर की शिक्षा प्राप्त महिलाओं में रोजगार दर 2017-18 के 34.5 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 40 फीसदी हो गई है।पिछले सात वर्षों में 1.56 करोड़ महिलाएं औपचारिक कार्यबल में शामिल हुई हैं। अगस्त तक ई-



श्रम ने 16.69 करोड़ से अधिक महिला असंगठित श्रमिकों का पंजीकरण दर्ज किया है। इससे उन्हें सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं तक पहुंच प्राप्त हुई है। सरकार के प्रयास महिला उद्यमियों के विकास में योगदान दे रहे हैं। 15 मंत्रालयों की 70 केंद्रीय योजनाएं और 400 से अधिक राज्य स्तरीय योजनाएं महिला उद्यमिता को समर्थन देने पर केंद्रित हैं।

# Life Insurance Policy

## कंपनियां बढ़ा रही हैं पॉलिसी का न्यूनतम मूल्य, ज्यादा प्रीमियम भरने को रहें तैयार


देश में जीवन बीमा कंपनियां अपना मार्जिन बढ़ाने और पॉलिसी लैप्स रोकने के लिए न्यूनतम प्रीमियम सीमा बढ़ा रही हैं। इससे छोटी और सस्ती पॉलिसियां धीरे-धीरे बंद हो सकती हैं। एलआईसी, एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ जैसी कंपनियों की इस रणनीति से बीमाधारकों को ज्यादा प्रीमियम चुकाना पड़ सकता है।



देश में आने वाले समय में छोटी-सस्ती जीवन बीमा पॉलिसियां बंद हो सकती हैं। इसका खामियाजा जीवन बीमाधारकों को भुगतना पड़ सकता है और उन्हें ज्यादा प्रीमियम भरने के लिए तैयार रहना चाहिए। दरअसल, अपना मार्जिन बढ़ाने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ समेत तमाम कंपनियां जीवन बीमा पॉलिसियों का न्यूनतम एवं औसत मूल्य बढ़ा रही हैं। कंपनियां यह कदम बीमा पॉलिसी की निरंतरता में सुधार लाने और पॉलिसी लैप्स होने की आशंका को कम करने के लिए उठा रही हैं। इसका मतलब है कि पॉलिसीधारक अपनी बीमा पॉलिसी को मैच्योरिटी से पहले बंद नहीं करेगा।इसका असर यह होगा कि बाजार से छोटी और सस्ती जीवन बीमा पॉलिसियां धीरे-धीरे बाहर हो जाएंगी और ज्यादा प्रीमियम वाली पॉलिसियों का चलन शुरू हो जाएगा। बीमा कंपनियों का कहना है कि कम मूल्य वाली पॉलिसियों के जल्द बंद होने की आशंका अधिक रहती है। पॉलिसी का आकार बड़ा होने से ग्राहक उसे आसानी से नहीं तोड़ेंगे और चलाते रखेंगे। इससे कंपनियों का मार्जिन भी बेहतर होगा।वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में एलआईसी की पॉलिसी का औसत मूल्य आकार एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 23 फीसदी बढ़ गया है। कंपनी ने अपने बीमा उत्पादों की संरचना में बदलाव किया है, जिससे पॉलिसी का औसत मूल्य भी बढ़ गया है। एचडीएफसी लाइफ और एसबीआई लाइफ ने भी अपनी-अपनी पॉलिसी के न्यूनतम और औसत मूल्य में बढ़ोतरी की है। बोनस टीमकिसी पॉलिसी की प्रीमियम राशि बीमाधारक की उम्र पर निर्भर करती है। न्यूनतम बीमा राशि बढ़ने से बीमाकर्ताओं को नई पॉलिसी के लिए अधिक प्रीमियम चुकाना होगा। दूसरी ओर, बीमा कंपनियों और एजेंट को कमीशन से होने वाली कमाई बढ़ेगी। पॉलिसी जितनी बड़ी होती है, बीमा कंपनी और एजेंट के लिए मार्जिन उतने ही अच्छे होते हैं।कंपनी ने पहली तिमाही के नतीजों के दौरान बताया था कि कम मूल्य वाली पॉलिसियों के निरंतरता अनुपात में गिरावट आई है। इसे देखते हुए उसने एक खास अभियान शुरू किया है, जिसमें पॉलिसीधारकों को विशेष रियायत पर बंद पड़ी जीवन बीमा पॉलिसी को फिर से शुरू करने की सुविधा दी जा रही है।बीमा उद्योग में पर्सिस्टेंसी एक प्रमुख मीट्रिक है, जो एक निश्चित अवधि के बाद भी चालू बीमा पॉलिसियों के प्रतिशत को मापता है। पर्सिस्टेंसी अनुपात पर निवेशकों और नियामकों की बारीक नजर रहती है, क्योंकि यह ग्राहकों की संतुष्टि एवं बिक्री की गुणवत्ता दोनों को दर्शाता है। सरकार ने फरवरी, 2023 में एचएनआई की ओर से गलत तरीके से उठाए जा रहे टैक्स लाभ पर अंकुश लगाने के लिए 5 लाख रुपये से


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PAYOUT WALLET
Transform Your Vision into Reality – Grow Your Business Smarter with PlanetC Technology
GAMING
SALARY
UTILITY
WHY CHOOSE US?
Unleash The Potential
Convenience at Your Command
Personalized to Perfection
Unmatched Security
CONTACT NOW
PlanetC Technology
PlanetC Technology
WE'LL MAKE IT SIMPLE AND EASY TO USE
Username
Password
TRY IT NOW
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300


PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
PROMOTE YOUR BUSSINESS ON NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
VACANCY
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your AD Here
ADS
+91 7088120612

# DPL: दिल्ली प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर मैच में विवाद, आपस में भिड़े खिलाड़ी; नीतीश-दिग्वेश में भी हुई कहासुनी



वेस्ट दिल्ली लायंस और साउथ दिल्ली सुपरस्टार के बीच शुक्रवार को खेले गए दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के एलिमिनेटर मैच में विवाद हो गया। इस मैच को वेस्ट दिल्ली सात विकेट से अपने नाम किया जिसमें कप्तान नीतीश राणा का योगदान अहम रहा। नीतीश ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शतक लगाया और अपनी टीम को क्वालिफायर-2 मुकाबले का टिकट दिलवाया। हालांकि, इस मैच में हुए विवाद ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। दरअसल, वेस्ट दिल्ली के बल्लेबाज कृष यादव की साउथ दिल्ली के कुछ खिलाड़ियों के साथ कहासुनी हो गई थी। यह घटना वेस्ट दिल्ली की पारी के 11वें ओवर में घटी जब कृष ने अमन भारती की गेंद पर शॉट लगाया, लेकिन अमनोल शर्मा ने कैच लेकर उनकी पारी का अंत कर दिया। जब कृष पवेलियन की ओर लौटने लगे तो अमन ने आक्रामक अंदाज में जश्न मनाया और कृष को कुछ कहने लगे। इसके बाद कृष उनकी तरफ बढ़े और कुछ कहने लगे जिसके बाद विवाद बढ़ गया। साउथ दिल्ली के खिलाड़ी सुमित माथुर भी इस विवाद में कूद पड़े और कहासुनी बढ़ गई। स्थिति को शांत कराने के लिए नीतीश राणा और एक महिला अंपायर ने हस्तक्षेप किया तथा कहासुनी कर रहे खिलाड़ियों को अलग किया। नीतीश ने सुमित के कंधे पर हाथ रखा और उन्हें अलग ले गए, जबकि महिला अंपायर ने कृष को डगआउट की ओर भेजा। वहीं, नीतीश राणा और दिग्वेश राठी के बीच भी तीखी कहासुनी हुई थी। मैच की बात करें तो 202 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्ट दिल्ली ने पावरप्ले के अंदर ही दो विकेट गंवा दिए थे, लेकिन नीतीश ने मोर्चा संभाला और कृष के साथ मिलकर साझेदारी निभाई। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 97 रनों की साझेदारी की और वेस्ट दिल्ली की ओर मैच का रुख पलट दिया। कृष ने 22 गेंदों पर 31 रन बनाए, जबकि नीतीश अंत तक टिके रहे और टीम को जीत दिलाई। इससे पहले, साउथ दिल्ली ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बनाए थे।



# एशिया कप से पहले बीसीसीआई में बड़ा फेरबदल, रोजर बिन्नी ने छोड़ा पद; राजीव शुक्ला बने कार्यवाहक अध्यक्ष



**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) में एशिया कप से पहले बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। बताया जा रहा है कि रोजर बिन्नी ने 70 वर्ष के होने के कारण पद छोड़ दिया है** जिसके बाद राजीव शुक्ला को बोर्ड का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से अभी इस मामले पर आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। भारतीय टीम अगले महीने यूएई में होने वाले एशिया कप में हिस्सा लेगी जिसके लिए कुछ दिन पहले 15 सदस्यीय टीम घोषित की गई थी। राजीव शुक्ला बीसीसीआई के उपाध्यक्ष भी हैं और वह अगले महीने होने वाले बीसीसीआई के चुनाव तक कार्यवाहक अध्यक्ष बने रहेंगे। बिन्नी ने 2022 में सौरव गांगुली की जगह बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभाला था। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे। इससे पहले खबरें आई थी कि बिन्नी सितंबर में होने वाली बीसीसीआई की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तक पद पर बने रहेंगे, लेकिन उन्होंने इससे पहले ही पद छोड़ दिया। बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो गए थे और नियमानुसार बीसीसीआई अध्यक्ष की उम्र 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। बिन्नी के बीसीसीआई अध्यक्ष बनने के बाद भारत ने दो सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूर्नामेंट जीते। भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम किया था। बिन्नी के अध्यक्ष रहते ऐतिहासिक महिला प्रीमियर लीग (WPL) की भी शुरुआत हुई। उनके अध्यक्ष रहते ही घरेलू क्रिकेट को बेहतर प्रोत्साहन मिला। खिलाड़ियों के वेतन में वृद्धि हुई और टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ियों को घरेलू टूर्नामेंटों में खिलवाने के लिए उचित और सख्त कदम उठाए गए। 1983 विश्व कप विजेता टीम के मुख्य खिलाड़ी रहे **ऑलराउंडर बिन्नी ने 27 टेस्ट मैचों और 72 वनडे मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।** उन्होंने टेस्ट मैचों में 47 विकेट लिए और पांच अर्धशतकों की मदद से 830 रन बनाए। 72 वनडे मैचों में उन्होंने 77 विकेट लिए और एक अर्धशतक की मदद से 629 रन बनाए। **भारत को पहला वनडे विश्व कप (1983) जिताने में उनका अहम योगदान था। 1983 विश्व कप में 18 विकेट लेकर वह भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे।** बिन्नी इससे पहले बीसीसीआई चयन समिति के सदस्य के रूप में काम कर चुके हैं।



# US Open

## यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने जोकोविच, नूरी को दी मात; राडुकानू हारीं



24 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच वर्ष के चौथे और आखिरी ग्रैंडस्लैम यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने कैमरन नूरी को हराया और वह 1991 में जिमी कोनर्स के बाद यूएस ओपन के चौथे दौर में पहुंचने वाले उम्रदराज खिलाड़ी बने। कोनर्स जब 1991 में इस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंचे थे तब उनकी उम्र भी जोकोविच की तरह 38 साल थी। जोकोविच ने 6-4, 6-7 (4), 6-2, 6-3 से जीत हासिल की, जिसमें उन्होंने 18 ऐस लगाए, जो उनके अनुसार टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फ्लशिंग मीडोज़ में मैच के शुरू में चिकित्सा सहायता लेनी पड़ी लेकिन उन्होंने शानदार खेल दिखाया और 69वीं बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के अंतिम 16 में जगह बनाई। इस तरह से उन्होंने रोजर फेडरर की बराबरी कर ली। अब उनका मुकाबला जर्मन क्वालिफायर जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा।

# Asia cup hockey 2025

## भारतीय टीम ने किया शानदार प्रदर्शन, चीन को किया पराजित; अगला मुकाबला जापान से



**एशिया कप हॉकी 2025 में भारत ने अपने अभियान की शुरुआत रोमांचक जीत से की। मेजबान टीम ने चीन को 4-3 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी आगाज़ किया।** भारतीय टीम ने आक्रामक शुरुआत की और रणनीति, फिटनेस तथा तकनीकी दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह और जुगराज सिंह के गोलों ने टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। हालांकि चीन ने पूरे मैच में कड़ी चुनौती दी और शुरुआती गोल के बाद लगातार दबाव बनाए रखा। मैच में कुल सातों गोल पेनल्टी कॉर्नर से बने, जिससे यह मुकाबला और भी रोमांचक हो गया। **चोट से उबरकर लौटे कप्तान हरमनप्रीत सिंह थोड़े दबाव में जरूर दिखे, लेकिन निर्णायक क्षणों में उन्होंने गोल दागकर टीम की लाज बचाई।** कोच क्रेग फुलटन की रणनीति का असर भी मैदान पर साफ झलका। भारतीय डिफेंस ने कई मौकों पर शानदार खेल दिखाया, लेकिन कुछ क्षणों में विपक्षी खिलाड़ियों को स्पेस भी दिया। अमित रोहिदास पेनल्टी कॉर्नर डिफेंस में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन में तालमेल की कमी दिखी। युवा फॉरवर्ड खिलाड़ियों ने जोश तो दिखाया, लेकिन अवसरों को गोल में बदलने में चूकते रहे। **हार्दिक सिंह हमेशा की तरह टीम के मजबूत स्तंभ साबित हुए, जबकि गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक ने बचाव जरूर किए,** मगर उनका बॉडी लैंग्वेज चिंता का विषय रहा। मैच के पहले हाफ में दोनों टीमें खुल कर खेल रही थी, जिसके वजह से ज्यादा गोल हुए। मैच में बराबरी पर आने के बाद चीन की टीम डिफेंसिव होकर मैन टू मैन मार्किंग करने की कोशिश की लेकिन भारतीय खिलाड़ियों के दबाव के चलते उनका डिफेंस टूट गया। मैच का निर्णायक क्षण आखिरी क्वार्टर में आया, **जब हरमनप्रीत सिंह ने गोल दागकर भारत को जीत दिलाई। अब भारत का अगला मुकाबला जापान से होगा,**